# अपर निजी सचिव परीक्षा–2024 हिन्दी टंकण/अंग्रेजी टंकण परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम यह सुनिश्चित कर लें कि आपका की–बोर्ड ठीक प्रकार से कार्य कर रहा है। की–बोर्ड, सी0पी0यू0, माउस एवं अन्य किसी भी समस्या के लिए टंकण परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही कक्ष–निरीक्षक को अवगत करा दें तथा समस्या का समाधान करवा लें।
2. यह भी भली–भॉति देख लें कि की–बोर्ड पर कैप्स लॉक–की ऑफ (Caps Lock-key Off) तथा नम्बर लॉक–की ऑन (Number Lock-key On) है।
3. अभ्यर्थी दूसरे की कम्प्यूटर–स्क्रीन को न तो देखेंगे और न ही आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा करते हुए पाये जाने अथवा कोई भी ऐसा कार्य करने, जिससे परीक्षा बाधित हो, को अनुचित साधन प्रयोग समझा जाएगा तथा अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।
4. परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, फोटो कैमरा, पेजर, स्कैनर पैन, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार क्षमता वाले उपकरणों का प्रयोग पूर्ण रूप से वर्जित है।
5. हिन्दी टंकण परीक्षा का पेपर Kruti Dev-010 के Font एवं अंग्रेजी टंकण परीक्षा का पेपर Times New Roman के Font पर आयोजित किया जायेगा।
6. हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक कम्प्यूटर स्क्रीन पर संबंधित बॉक्स में लिखेंगे। तत्पश्चात् Submit button पर click करेंगे। उक्त के बाद अभ्यर्थी "Details as per records" के अन्तर्गत अपना विवरण देख सकते हैं तथा अभ्यर्थियों के लिए दिये गये Instruction पर tick करने के पश्चात् Proceed Further for Typing Test पर Click करेंगे। तत्पश्चात् टंकण परीक्षा हेतु 02 मिनट के डेमो का डॉयलाग बॉक्स प्रदर्शित होगा। Start Demo पर क्लिक करने से स्क्रीन पर एक डेमो पैराग्राफ दिखाई देगा। तत्पश्चात् Next पर क्लिक करके टंकण करना है। जिस पर अभ्यर्थी 02 मिनट टंकण करेगा। 02 मिनट पश्चात् डेमो स्वतः ही बन्द हो जाएगा। डेमों में टंकित विषय–वस्तु को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा।
7. डेमो बन्द होने के पश्चात स्टार्ट (Start) पर क्लिक करने पर स्क्रीन में एक पैराग्राफ दिखाई देगा। जिसे देखकर परीक्षार्थियों द्वारा टाईपिंग प्रारम्भ करनी है। स्क्रीन के ऊपर समय दिखाया जायेगा। हिन्दी टंकण में 8000 की–डिप्रेशन प्रति घंटा गति के मापन हेतु 10 मिनट की अवधि में क्रमशः न्यूनतम 1333 की–डिप्रेशन एवं अंग्रेजी टंकण में 9000 की–डिप्रेशन प्रति घंटा गति के मापन हेतु 10 मिनट की अवधि में न्यूनतम 1500 की–डिप्रेशन की गति की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 10 मिनट की अवधि के पश्चात् सॉफ्टवेयर स्वतः ही बन्द हो जाएगा।
8. यदि टाईपिंग करने में कोई त्रुटि होती है तो उसे बैक स्पेस–की (Back Space-key) द्वारा मिटाया जा सकता है। हिन्दी टंकण में गलत टाईप करने पर कम्प्यूटर पर चिह्न º नजर आयेगा एवं अंग्रेजी टंकण में गलत टाईप करने पर कम्प्यूटर पर चिह्न x आयेगा। इस त्रुटि को बैक स्पेस–की (Back Space-key) द्वारा ठीक किया जा सकता है या अगला अक्षर सही टाईप कर आगे बढ़ा जा सकता है। इसी प्रकार कोई शब्द या पंक्ति छोड़ने पर भी कम्प्यूटर द्वारा उक्त चिह्न ही टाईप किया जाएगा। इसलिए टाईप करने में सावधानी आवश्यक है।

9. सॉफ्टवेयर पर निम्न की–कॉम्बीनेशन्स का प्रयोग वर्जित होगा :–

a- Ctrl+F4
b- Alt+F4
c- Ctrl+Esc
d- Ctrl+Alt+Delete
e- Alt+Tab
f- Alt+Space
g- Alt+Esc
h- Start (Window key) + Function Key
i- Right Click Key

10. यदि अभ्यर्थी वर्जित की (Key) का प्रयोग करता है अथवा जानबूझकर कम्प्यूटर में संचित डाटा/सोर्स कोड इत्यादि के साथ छेड़छाड़ करता है, उसे बदलता है या उसे कम्प्यूटर से मिटा देता है तो ऐसे अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर इस परीक्षा से एवं आगामी परीक्षाओं से भी प्रतिवारित (Debar) किया जा सकता है तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के विरूद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम–2000 के अधीन भी कार्यवाही की जायेगी।

नोट :– सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित विषय–वस्तु को ही टंकित करें, किसी भी प्रकार का परिवर्तन त्रुटिपूर्ण होगा।

-sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।

## अपर निजी सचिव परीक्षा–2024 (दिव्यांगजन हेतु) हिन्दी टंकण/अंग्रेजी टंकण परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम यह सुनिश्चित कर लें कि आपका की–बोर्ड ठीक प्रकार से कार्य कर रहा है। की–बोर्ड, सी0पी0यू0, माउस एवं अन्य किसी भी समस्या के लिए टंकण परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही कक्ष–निरीक्षक को अवगत करा दें तथा समस्या का समाधान करवा लें।
2. यह भी भली–भॉति देख लें कि की–बोर्ड पर कैप्स लॉक–की ऑफ (Caps Lock-key Off) तथा नम्बर लॉक–की ऑन (Number Lock-key On) है।
3. अभ्यर्थी दूसरे की कम्प्यूटर–स्क्रीन को न तो देखेंगे और न ही आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा करते हुए पाये जाने अथवा कोई भी ऐसा कार्य करने, जिससे परीक्षा बाधित हो, को अनुचित साधन प्रयोग समझा जाएगा तथा अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।
4. परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, फोटो कैमरा, पेजर, स्कैनर पैन, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा किसी अन्य प्रकार के संचार क्षमता वाले उपकरणों का प्रयोग पूर्ण रूप से वर्जित है।
5. दिव्यांग अभ्यर्थी को हिन्दी टंकण परीक्षा का पेपर MS Word में Kruti Dev-010 अथवा Mangal Inscript Font के Font एवं अंग्रेजी टंकण परीक्षा का पेपर Times New Roman के Font पर आयोजित किया जायेगा।
6. दिव्यांग अभ्यर्थी को हिन्दी टंकण/अंग्रेजी टंकण करने के लिए निर्धारित समय 10 मिनट के साथ 5 मिनट का अतिरिक्त समय अर्थात् टंकण हेतु कुल 15 मिनट का समय दिया जाएगा।
7. स्टॉप–वॉच के माध्यम से टंकण–परीक्षा का समय (15 मिनट) का निर्धारण टाईम–कीपर के द्वारा किया जाएगा।
8. परीक्षार्थी को टंकण परीक्षा का मूल प्रश्नपत्र देने से पूर्व 2 मिनट का अभ्यास (Demo) पेपर दिया जाएगा। डेमो में टंकित विषय–वस्तु को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा।
9. स्टॉप–वॉच के माध्यम से डेमो (Demo) का समय (2 मिनट) का निर्धारण टाईम–कीपर के द्वारा किया जाएगा।
10. हिन्दी टंकण में 8000 की–डिप्रेशन प्रति घंटा गति के मापन हेतु 10 मिनट की अवधि में न्यूनतम 1333 की–डिप्रेशन एवं अंग्रेजी टंकण में 9000 की–डिप्रेशन प्रति घंटा गति के मापन हेतु 10 मिनट की अवधि में न्यूनतम 1500 की–डिप्रेशन की गति की परीक्षा आयोजित की जाएगी।
11. यदि टाइपिंग करने में कोई त्रुटि होती है तो उसे बैक–स्पेस (Back-space) की सहायता से मिटाया जा सकता है।
12. टंकण परीक्षा का आरम्भ टाईम–कीपर के द्वारा घंटी बजाकर अथवा स्टार्ट शब्द बोलकर किया जाएगा, तदोपरान्त ही श्रुतलेखक द्वारा विषय–वस्तु का वाचन प्रारम्भ किया जाएगा। इसी प्रकार परीक्षा समाप्ति पर टाईम–कीपर द्वारा घंटी बजाने अथवा स्टॉप शब्द बोलने के साथ ही श्रुतलेखक द्वारा विषय–वस्तु का वाचन बन्द कर दिया जाएगा।

-sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।